(ख) इस सम्बन्ध में सरकार द्वारा प्रशासन को दिये गये निर्देशों का ब्यौरा क्या है तथा ये निर्देश किन-किन तारीखों को दिये गये;

(ग) क्या हाल ही में इन निर्देशों में कोई परिवर्तन किये गये हैं; और

(घ) इन निर्देशों में अचानक किये गये परिवर्तनों के क्या कारण हैं और नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर नये प्लेटफार्मों का निर्माण कब तक हो जायेगा?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के० सी० लेंका) : (क) जी, हां।

(ख) उत्तर रेलवे को निर्देश दिये गये हैं कि वह नई दिल्ली स्टेशन के विकास कार्य के पहले चरण को 5 करोड़ रुपये की लागत पर 1993-94 में शुरू करें और इसी वर्ष के दौरान उसे पूरा करें। ये निर्देश 2-3-93 को दिये गये थे।

(ग) जी नहीं।

(घ) निर्देशों में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है। चरण-1 में शामिल नये प्लेटफार्म 31-3-1994 तक पूरे कर दिये जायेंगे।

हावड़ा-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस

1939. **श्री गया सिंह** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) हावड़ा-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रैस को प्रतिदिन चलाने में क्या कठिनाईयां पेश आ सकती है;

(ख) इस राजधानी एक्सप्रेस को सप्ताह में दो दिन पटना से होकर चलाए जाने में क्या कठिनाईयां है; और

(ग) इस ट्रेन में गया तथा मुगलसराय से आरक्षण का कोटा ए० सी०-I, ए० सी०-II तथा ए० सी० चेयरकार में कितना-कितना है; और

(घ) इन श्रेणियों के अधीन पटना से टिकटें न दिलवाये जाने के क्या कारण है?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के० सी० लेंका) : (क) आगामी वित्तीय वर्ष के दौरान 2301/2302 राजधानी एक्सप्रेस के फेरे बढ़ाकर इसे प्रतिदिन किया जा रहा है।

(ख) घुमावदार मार्ग होने तथा मुख्य लाइन के रास्ते कम रफ्तार का रेलपथ होने के कारण।

(ग) 2302 नई दिल्ली-हावड़ा एक्सप्रेस में गया के लिये वातानुकूल शयनयान में 2 शायिकाओं और वातानुकूल कुर्सीयान में 4 सीटों तथा मुगलसराय के लिये वातानुकूल कुर्सीयान में 2 सीटों का कोटा उपलब्ध है। 2301 हावड़ा-नई दिल्ली राजधानी में गया तथा मुगससराय दोनों के लिये वातानुकूल शयनयान में 2 शायिकाओं तथा वातानुकूलित कुर्सीयान में 4 सीटों का कोटा उपलब्ध है।

(घ) 2301/2302 राजधानी एक्सप्रेस पटना के रास्ते नहीं चलती है। पटना के लिये कोई आउट स्टेशन कोटा निर्धारित नहीं किया गया है क्योंकि राजधानी एक्सप्रेस गाड़ियां अन्तर्नगरीय गाड़ियां हैं जो मुख्यत: लम्बी दूरी के यात्रियों के लिये चलाई गई हैं।

1940 [Transferred to 16th March 1993]

Conversion of State Highways into National Highways in Andhra Pradesh

1941. SHRI MOTURU HANUMANTHA RAO : Will the Minister of SURFACE TRANSPORT be pleased to state :

(a) whether Government have any plans to convert some state highways into national highways specially in Andhra Pradesh;

(b) if so, the details thereof ?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF SURFACE TRANSPORT (SHRI JAGDISH TYTLER) : (a) No, Sir.

(b) Does not arise.